# विद्याधर नगर और कालवाड़ रोड पर लगे 'अवैध' मेले हटवाएगा जे.डी.ए. प्रशासन

## प्रवर्तन विंग ने दोनों मेला संचालकों को नोटिस थमाकर तुरंत झूले व अन्य उपकरण हटाने को कहा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** विद्याधर नगर और कालवाड़ रोड पर बिना परमिशन संचालित अवैध मेलों को जेडीए प्रशासन हटवाएगा। शनिवार को जेडीए ने दोनों मेला संचालकों को नोटिस थमाकर अविलम्ब झूले व अन्य उपकरण हटाने के लिए कहा है। जेडीए प्रशासन ने भी अपने नोटिस में माना कि दोनों संचालकों ने बिना सक्षम स्वीकृति और अन्य जरूरी कार्रवाई किए बगैर मेला लगा लिया, ये अवैध है। लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा हैं।

ताज्जुब की बात यह है कि विद्याधर नगर और कालवाड़ रोड के पॉश इलाके में जहां पर झूले व मनोरंजन के अन्य साधन लगाकर मेले लगाए गए हैं, वह क्षेत्र नगर निगम में आता है। संचालकों ने ना तो स्थानीय पुलिस से कोई इजाजत ली और ना ही ग्रेटर नगर निगम से फायर एनओसी। इसके बावजूद पुलिस व ग्रेटर नगर निगम के अफसरों ने इन पर कार्रवाई करना तक उचित नहीं समझा।



कालवाड़ रोड पर रावण गेट पावर हाऊस के पीछे खाली पड़ी जमीन पर मेले के लिए लगाए गए झूले व अन्य उपकरण।

- **इन दोनों जगह अवैध मेलों में हजारों लोग उमड़ रहे, लेकिन ना मौके पर आग बुझाने के साधन हैं और ना ही लोगों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**
- **ताज्जुब यह है कि स्थानीय पुलिस व ग्रेटर निगम के अफसर इन अवैध मेलों पर चुप्पी क्यों साधे बैठे रहे, जबकि संचालकों ने ना तो पुलिस से कोई स्वीकृति ली और ना ही नगर निगम से फायर एन.ओ.सी.**

जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि विद्याधर नगर और कालवाड़ रोड पर मेला संचालित करने वाले दोनों लोगों को नोटिस जारी कर दिया है। दोनों को अविलम्ब झूले व अन्य उपकरण हटाने के निर्देश दे दिए हैं, अगर वे लोग नहीं हटाएंगे तो जेडीए कार्रवाई करेगा।

देखा जाए तो गर्मी का सीजन शुरू होते ही राजधानी के कई पॉश एरिया में झूले व अन्य मनोरंजन के उपकरण लगाकर मेले संचालित किए जा रहे हैं। जहां हजारों की तादाद में लोग अपने बच्चों के साथ पहुंच रहे हैं। हैरानी यह है कि मेला संचालक ना तो मौके पर अग्निशमन के इंतजाम कर रहे हैं और ना ही सुरक्षा मापदण्डों का ख्याल रख रहे है। यहां तक कि पुलिस प्रशासन से आयोजन की अनुमति और नगर निगम से फायर एनओसी तक नहीं ले रहे।

सूत्रों की मानें तो विद्याधर नगर में सेंट्रल स्पाइन के पास और कालवाड़ रोड पर पावर हाउस के पीछे खाली पड़ी जेडीए जमीन पर मेले की तैयारी है। लापरवाही ऐसी है कि यहां से गुजर रही बिजली की लाइनों के आस-पास झूले लगे है। स्थानीय लोगों की मानें तो हर साल यहां गर्मी की सीजन में ऐसे आयोजन होते हैं, शाम होते ही मेला सज जाता है, जहां हजारों की तादाद में लोग उमड़ते हैं।

# प्रदेशभर में 52 हजार से ज्यादा दुपहिया वाहनों के चालान किए

## राज्य में शनिवार को बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सघन अभियान चलाया गया

**जयपुर, (कासं)।** प्रदेश में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं में दुपहिया वाहन चालकों व सवारी की होने वाली मृत्यु में कमी लाने के लिए शनिवार को बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने वालों के विरूद्ध संचालित किए गए एक दिवसीय सघन अभियान के तहत 52 हजार 569 दुपहिया वाहन चालकों का चालान किया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस यातायात वीके सिंह ने स्वयं शहर के रामबाग और जेडीए सर्किल सहित अन्य स्थानों पर जाकर सघन अभियान का जायजा लिया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात सिंह ने बताया कि इस अभियान में जयपुर कमिश्नरेट में 6000 सहित कुल 52 हजार 569 दुपहिया वाहन चालकों के चालान किये गये। अजमेर रेंज में 4492, कोटा में 4299, उदयपुर में 7069, जोधपुर में 7222, जयपुर रेंज में 9285, भरतपुर रेंज में 6970, आयुक्तालय जयपुर में 3640 व जयपुर ट्रैफिक में 2359, जोधपुर ट्रैफिक में 1187 और बीकानेर रेंज में 6106 चालान किए गए हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने भीषण गर्मी के बावजूद यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा प्रदेश भर में किए गए अच्छे कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए व्यापक प्रयास किये जा रहे हैं।



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक पुलिस यातायात वी.के. सिंह ने शनिवार को रामबाग और जेडीए सर्किल सहित अन्य स्थानों पर जाकर अभियान का जायजा लिया।

उन्होंने बताया कि विशेष रूप से मई माह में बढ़ने वाली सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु में कमी लाने के लिए शनिवार को यह सघन अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के तहत बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही के साथ ही जागरूकता के भी प्रयास किये गए।

सिंह ने प्रदेश के सभी दुपहिया वाहन चालकों को सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए स्वयं की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से उपयुक्त गुणवत्ता का हेलमेट पहनने का आग्रह किया। उन्होंने सभी अभिभावकों से भी अपने बच्चों को दुपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनाने का भी आग्रह किया।

# लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुक किया



पुलिस उपायुक्त वन्दिता राणा ने शनिवार को चित्रकूट इलाके में आयोजित साइबर सुरक्षा सेमीनार को संबोधित किया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी के चित्रकूट इलाके में शनिवार को साइबर सुरक्षा के सम्बन्ध में एक सेमीनार का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुकता किया गया।

पुलिस उपायुक्त पश्चिम वन्दिता राणा ने बताया कि चित्रकूट क्षेत्र में व्यापारी, बच्चे, युवा, सुरक्षा सखी, सीएलजी सदस्य एवं आमजन के साथ साइबर सुरक्षा के सम्बन्ध में एक सेमीनार का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस उपायुक्त पश्चिम तथा सहायक पुलिस आयुक्त वैशाली नगर आलोक कुमार सैनी चित्रकूट थाानाधिकारी गुंजन सोनी और साइबर एक्सपर्ट दीपक कुमार योगी आर्बिटर सॉफ्टवेयर उपस्थित रहे।

सेमीनार का मुख्य विषय वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराधों के तरीके तथा उनसे बचने के लिए उपयोग में ली जाने वाली आवश्यक सावधानियां एवं इनके प्रति आमजन में जनजागृति था। जिसमें पुलिस उपायुक्त वन्दिता राणा द्वारा साइबर अपराधों में व्हाट्सएप पर अनजान नम्बरों से ऑडियो-वीडियो कॉल आना तथा पोर्न सामग्री अटैच करके ब्लैकमेल करना जिसे सैक्सटॉर्शन भी कहा जाता है, कॉल लिस्ट हैक होना, फेसबुक आदि पर पीडित की प्रोफाइल पिक्चर का उपयोग कर परिचितों से रुपए मांगना, अनजान लिंक पर क्लिक करना, ओटीपी शेयर करना आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। वहीं अपराधियों द्वारा अपराध करने के तरीकों के बारे में बताया गया।

साइबर एक्सपर्ट दीपक कुमार योगी ने उपरोक्त प्रकार के तथा अन्य साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सेमीनार में उपस्थित लोगों को टू स्टेप वेरीफिकेशन, पासवर्ड सुरक्षा, केडिट-डेबिट कार्ड के सुरक्षा मानकों की जानकारी, प्राइवेसी सेटिंग्स का सुरक्षात्मक उपयोग तथा ई बैंकिंग से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी दी। सेमीनार में उपस्थित कई लोगों ने सेमीनार में ही अपने कई ऐप्लीकेशन्स अपडेट किए एवं इस प्रयास को सराहा। सेमीनार में उपस्थित लोगों को साइबर जागरुकता एवं सजग रहने के लिए एक बुक, ब्रोशर एवं इससे सम्बन्धित सॉफ्ट कॉपी वितरित की गई।

# दिवगंत बेटियों की याद में 1815 यूनिट रक्तदान

**जयपुर( कासं )।** जयपुर में 2008 के सीरियल ब्लास्ट में डंगायच परिवार की दो बेटियों महक (6 वर्ष) व दिया (4 वर्ष) को खो दिया था। कार्यक्रम में सहयोगी बने जयपुर ज्वैलर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव राजू मंगोडीवाला ने बताया कि जयपुर को कलंकित करने वाला ब्लास्ट ने आतंकवादियों के कृत्य ने कई घर के चिराग खोये व आज भी दिल दहलाने वाली घटना से मन सिहर उठता है। ऐसे में डंगायच परिवार ने अपनी दो छोटी लाडली बेटियों को खो जाने से परिवार पर क़हर टूट पडा। बेटियों की स्मृति में महक दीया मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर लगाता है, डंगायच परिवार से जुड़े बद्री नारायण गुप्ता, गोविन्द गुप्ता, सचिन गुप्ता व अमित गुप्ता ने बताया कि संतोकबा दुर्लभ जी अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में युवा साथियों सहित महिलाओं व पुरूषों ने बडी संख्या में भाग लेकर 1815 यूनिट रक्त दान किया।

# बिजली कर्मचारी की करंट से मौत

**जयपुर।** रामनगरिया क्षेत्र में शनिवार को करंट लगने से बिजली कर्मचारी सिकंदरा दौसा निवासी रूपचंद (38) की मौत हो गई। वह बिजली लाइन ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ा था। झटका लगने से झुलसकर नीचे जमीन पर आ गिरा। पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता ने ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कराया है।

# 25 किलो गांजे के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार



पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने शनिवार को करणी विहार और बजाज नगर क्षेत्र में चार तस्करों को गिरफ्तार किया।

**जयपुर (कासं)।** पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने करणी विहार व बजाज नगर क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त 4 बदमाशों को दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 25 किलो 50 ग्राम अवैध गांजा व बिक्री के 41 हजार रुपये जब्त किए हैं।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) ज्येष्ठा मैत्रयी ने बताया कि सीएसटी ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत करणी विहार एवं बजाज नगर थाना इलाके में ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रिंकू बाबू (36) निवासी सेंरगा जिला गजपति उड़ीसा,सासन कुमार पानी (28) निवासी आर उदयगिरि पुलिस जिला गजपति उड़ीसा,अनिल कुमार राड (47) निवासी सिरसी रोड करणी विहार जयपुर और सौरभ गुप्ता (35) निवासी फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से 25 किलो 50 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा व बिक्री राशि के 41 हजार रुपये बरामद किए गए है। गिरफ्तार आरोपित रिंकू बाबू नायक व सासन कुमार पानी से पूछताछ में सामने आया कि वह 12 मई 2023 को मादक पदार्थ गांजा उड़ीसा से पांच हजार रुपये किलोग्राम के हिसाब से खरीद कर जयपुर में आरोपित अनिल कुमार राड को 10-12 हजार रुपये किलोग्राम के हिसाब से बेचना स्वीकार किया गया है।

वहीं आरोपित अनिल कुमार राड ने भी स्वयं के कब्जे के बैग में मिले मादक पदार्थ गांजा को शख्स सासन कुमार पानी से खरीदना और मादक पदार्थ गांजा खरीद के 41 हजार हजार रुपये शख्स सासन कुमार पानी को देना स्वीकार किया है। आरोपित अनिल कुमार राड उक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा को 15-16 हजार रुपये किलोग्राम के हिसाब से गांजा बेचने करने वालों को देता है।

गिरफ्तार आरोपी सौरभ से पूछताछ में सामने आया कि वह अपने साथी अंकित गुप्ता निवासी नोएडा उत्तर प्रदेश दिल्ली होते हुए सवाई माधोपुर आये थे। जो सवाई माधोपुर में उसके दोस्त अंकित गुप्ता के किसी परिचित ने रेलवे स्टेशन सवाई माधोपुर पर उक्त बैग जिसमें गांजा है उसे सम्भलाया गया था। इसके बाद वह ट्रेन से दोनों दुर्गापुरा जयपुर रेलवे स्टेशन उतर कर बस से दिल्ली होते हुये नोएडा जाना था। वह उसका दोस्त अंकित गुप्ता दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन के बाहर आकर किसी काम से गया था तथा उसके इंतजार में मंदिर के पास खड़ा था।

# एस.एम.एस. अस्पताल में रोबोट से पहली बार हुई हर्निया की सर्जरी

**जयपुर।** राजधानी के एसएमएस हॉस्पिटल में रोबोट के जरिए जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट में भर्ती मरीज के हर्निया का ऑपरेशन किया गया। ये ऑपरेशन डिपार्टमेंट की सीनियर प्रोफेसर डॉ. सुमिता जैन और उनकी टीम ने किया। ये पहला मौका है जब एसएमएस के डॉक्टरों ने हर्निया का ऑपरेशन रोबोट मशीन से किया।

दो महीने पहले मार्च में एसएमएस हॉस्पिटल में सर्जरी के लिए दो रोबोटिक मशीनें खरीदी गई थी, जिसमें से एक मशीन सुपर स्पेशिलिटी विंग में यूरोलॉजी डिपार्टमेंट में लगाई गई, जबकि दूसरी मैन एसएमएस बिल्डिंग के सर्जरी डिपार्टमेंट में। सर्जरी डिपार्टमेंट में यूं तो कुछ सर्जरी रोबोट से हो चुकी है, लेकिन हायटस हर्निया की सर्जरी पहली बार की गई।

एसएमएस के सुप्रीडेंट डॉ. अचल शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को हायटस हर्निया की दो सर्जरी एक साथ हुई। पहली सर्जरी दिल्ली से रोबोटिक मशीन से ट्रेनिंग देने आए डॉक्टर ने की, जो एक 66 साल के मरीज की हुई थी। इसके बाद डॉ. सुमिता जैन और उनकी टीम के सदस्य डॉ. योगेश दाधिच, डॉ. दिनेश शर्मा और डॉ. प्रवीण जोशी, डॉ. संदीप जांगिड़ ने की। ये सर्जरी 33 साल के एक युवक की हुई।

रोबोटिक मशीन से की गई सर्जरी में मरीज के शरीर में 4 छेद किए गए, जिनसे सर्जरी की गई। इस सर्जरी को करने में करीब 50 मिनट का समय लगा। वहीं लेपोस्क्रेपी से ये सर्जरी करने में करीब डेढ़ घंटे का समय लगता है। इसके अलावा लेपोस्क्रेपी से सर्जरी के दौरान ब्लड भी थोड़ा ज्यादा निकलता है और रिकवरी भी देरी से होती है।

## सार-समाचार

### 'खुलकर हंसना स्वस्थ्य रहने का राज'



**जयपुर।** हास्य सप्ताह के तहत सिविल लाईन योगा क्लब ने शनिवार की सुबह सिविल लाईन स्थित राजभवन गार्डन में खुलकर हंसी के ठहाके लगाए। योग गुरू कांता गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर हास्य सम्राट आर डी बाहेती का नागरिक अभिन्नदन भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास थे। सुबह 6 बजे से बाहेती के नेतृत्व में हजारों लोगों ने ठहाके लगाए। कार्यक्रम दो घण्टे तक चला। हास्य सम्राट और समाज सेवी आर डी बाहेती ने कहा है कि स्वस्थ्य रहने के लिए हास्य ही सबसे बडा उपाय है। रोजाना खुलकर हंसने से आदमी निरोगी रहता है। बाहेती हास्य सम्मेलन मे मुख्य वक्ता के रूप मे बोल रहे थे। मुख्य अतिथि खाद्य आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचियरावास ने कहा कि आज की तनाव भरी जिंदगी में ठहाके लगाने से ही जीवन मे खुशियाँ लाई जा सकती है। इस मौके पर सिह ने बाहेती को क्लब की ओर से अभिनंदन पत्र भेंट किया। अभिनंदन पत्र का वाचन माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी महेश चांडक ने किया। दोनों अतिथियों को सामजिक कार्यकर्ता महेश ताबी, प्रशांत कोशल, एडवोकेट सुभाष गुप्ता ने साफा पहनाया। अनिता चौधरी, मीना साहू बीना रस्तोगी सुनीता प्रधान और डॉ. आशा ने पुष्प गुच्छ भेट कर अतिथियों का स्वागत किया।

### शिक्षिकाओं का सम्मान किया



**जयपुर।** राजस्थान महिला अधिकारी व कर्मचारी एकीकृत महासंघ की तरफ से मानव तस्करों से एक बच्ची को सुरक्षित बचाकर बहादुरी का कार्य करने वाली शिक्षिकाओं भावना, सुनीता, रिजु, प्रमिला और नविता का सम्मान किया गया। इस मौके पर राजमेक्स अध्यक्ष विजेता चारण, मीडिया प्रवक्ता डॉ. आशा लता व विभागीय अध्यक्ष डॉ. पूनम सैनी उपस्थित रही। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक अनूठी पहल की गई ताकि समाज और देशहित में महिला का उत्थान कर सके।

### गोविंद देवजी मंदिर में भागवत शुरू



**जयपुर।** आराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर में शनिवार को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। गोविंद देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने व्यासपीठ और गोविंद देवजी की पूजा-अर्चना की। व्यासपीठ से ललित संप्रदायचार्य डॉ. संजय गोस्वामी ने प्रथम दिन भागवत के महत्त्व में का श्रवण करवाया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा भगवान श्री कृष्ण का वांग्मय स्वरूप है। संसार में जो भी ज्ञान हैं, वह सब श्रीमद् भागवत कथा में समाहित है। कथ 19 मई तक प्रतिदिन सुबह 8:30 से दोपहर 12 बजे तथा शाम 7 से 8 बजे तक होगी।

### क्रमिक अनशन 59 वें दिन भी जारी

**जयपुर।** राजधानी के शहीद स्मारक पर अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर मंत्रालयिक एकता मंच की ओर से चल रहा क्रमिक अनशन शुक्रवार को 59वें दिन भी जारी रहा। मंत्रालयिक एकता मंच के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के अजीत सिंह शेखावत के नेतृत्व में ताराशंकर यादव, आशीष जैन, गोपाल पंचोली, अशोक कुमार और धर्मेश यादव 24 घंटे के क्रमिक अनशन पर बैठे। मंत्रालयिक कर्मचारियों की ओर से अपनी प्रमुख मांगों सहायक प्रशासनिक अधिकारी को ग्रेड पे 4200 व कनिष्ठ सहायक को आरंभिक वेतन 25500 किए जाने की प्रमुख मांगों के साथ 6 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में 16 मार्च से शहीद स्मारक पर क्रमिक अनशन किया जा रहा है। अनशन कर्ताओं के समर्थन में राजेश पारीक, गजेंद्र सिंह राठौड़, सुरेश धाभाई, महेंद्र सिंह धायल, देवेंद्र सिंह नरूका, महेंद्र शर्मा बैठे।

### श्री श्री रविशंकर का जन्मोत्सव मनाया

**जयपुर।** श्री श्री रविशंकर जी के 67वें जन्मदिन को आर्ट ऑफ लिविंग जयपुर परिवार ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम श्रंखला के अनुसार श्री श्री रविशंकर आश्रम, सेक्टर 26, प्रताप नगर, जयपुर में सांय 4 बजे से रक्तदान शिविर हुआ, जिसमें 110 लोगों ने रक्तदान किया। सांय 6:30 बजे से सामूहिक गुरु पूजा का आयोजन किया गया जिसमें 25 गुरुपूजा पंडितों ने सभी गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। शाम 7 बजे से गायक सौरभ शेखावत व टीम ने भजनों से भक्तों का मन मोह लिया।

# घरेलू गैस सिलेंडरों से एलपीजी वाहनों में रिफलिंग करने वाले सरगना समेत 10 शातिर बदमाश दबोचे

## जवाहर सर्किल, मालवीय नगर, प्रताप नगर, रामनगरिया, गांधी नगर, सांगानेर और मालपुरा गेट इलाके में पुलिस और जिला रसद टीमों ने छापेमारी की

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में घरेलू गैस सिलेंडरों से एलपीजी वाहनों में कमर्शियल उपयोग लिए अवैध गैस रिफिलिंग करने वाली गैंग का खुलासा कर पुलिस ने सरगना समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी में सामने आया कि पुलिस की नौ टीमें बनाकर जिला रसद अधिकारी की टीम को साथ लेकर एक साथ 8 थाना इलाकों में दबिश देकर 65 घरेलू गैस सिलेंडर और अन्य उपकरण बरामद किए है। गिरफ्तार सरगना हत्या का वांछित आरोपी है और अवैध रिफिलिंग का शहरभर में काम कर रहा था। इसमें गैस एजेंसी डीलर्स की भूमिका होना भी सामने आया है। फिलहाल पूछताछ की जा रही है।

उपायुक्त जयपुर पूर्व ज्ञान चन्द्र यादव ने बताया कि इलाके में अनिल बिश्नोई नाम के व्यक्ति की अलग-अलग जगह अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का काम करने की सूचना मिल रही थी। जिस पर जिला स्पेशल टीम पूर्व की टीम व जवाहर सर्किल, मालवीय नगर, प्रताप नगर, रामनगरिया, गांधी नगर, सांगानेर, मालपुरा गेट थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर डीएसओ की टीम को बुलाकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए मुख्य सरगना आरोपी अनिल विश्नोई (30) निवासी अलाय श्री बालाजी नागौर, धर्मेंद्र राजवानी (51) निवासी सेक्टर-8 प्रताप नगर, भगवानाराम विश्नोई (36) निवासी चावंडिया खींवसर नागौर, जितेन्द्र गोयल (42) निवासी झालाना ग्राउंड, मालवीय नगर, ओमप्रकाश मेघवाल (19) निवासी श्री बालाजी, नागौर, मोनू खॉन (27) निवासी भिंड मध्य प्रदेश, सुरेश सिंधी (26), पायल पत्नी स्व. विजय सिंधी (30) निवासी सिंधी कॉलोनी, मालपुरा गेट, रघुवीर विश्नोई (25) व सुखबीर बिश्नोई (19) निवासी जसरासर नोखा जिला बीकानेर को गिरफ्तार किया गया है।



घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों से वाहनों में रिफलिंग करने वाले 10 बदमाशों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया।

- **आरोपियों के कब्जे से 65 घरेलू गैस सिलेंडर, 8 वजन तोलने के कांटे, 7 गैस रिफलिंग मोटर व अन्य औजार जब्त**

पुलिस ने गिरोह के कब्जे से 65 घरेलू सिलेंडर, 8 वजन तोलने के कांटे, 7 गैस रिफिलिंग करने की मोटर, 10 बांसुरी, 5 नग पाने, 65 सिलेंडर कैप,दो ऑटो रिक्शा व 13140 रुपए नकद जब्त किए है। वहीं मुख्य सरगना अनिल विश्नोई संगठित रूप से गैस रिफिलिंग का काम करता है। साथ ही आरोपी अनिल विश्नोई नागौर सदर थाने में हत्या, हनुमानगढ़ टाउन, राजियासर सूरतगढ़, सावर अजमेर, फलोदी जोधपुर, थाना भीम राजसमंद में एनडीपीएस में वांछित है। अनिल विश्नोई जयपुर में फरारी काट रहा था। वहीं इस अवैध रिफलिंग की प्रारम्भिक जांच में गैस एजेंसी वितरकों की भी अवैध भूमिका सामने आई है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

अवैध गैस रिफलिंग वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई में जिला पूर्व की डीएसटी टीम, जिला रसद अधिकारी की टीम समेत सात थानों के प्रभारी शामिल रहे। डीएसटी के सीआई बृजमोहन कविया , एएसआई सुखबीर सिंह, अशोक सिंह, छीतरमल व डीएसओ कार्यालय से प्रवर्तन अधिकारी रामचंद्र शेरावत, गोरा मीणा, अशोक कुमार योगी व अतुल बडाया समेत मीना डेचरवाल मौके पर मौजूद रहे। वहीं जवाहर सर्किल थानाप्रभारी सुरेंद्र सैनी, प्रतापनगर थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह, मालवीयनगर थाना प्रभारी हरिसिंह, रामनगरिया थाना प्रभारी विष्णु ख़त्री, गांधीनगर थाना प्रभारी सुरेंद्र यादव, सांगानेर थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह, व मालपुरा गेट थाना प्रभारी सतीश चन्द भी शामिल रहे।